प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

दिनांकः 21 मई,2022

पत्रांकः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 172

विषयः **प्रदेश के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों का वेबपेज बनाए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की वेबसाइट **upmsp.edu.in** पर प्रदेश के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों की सूचनाओं से सम्बन्धित उनका वेबपेज तैयार कराया जा रहा है। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय का फोटोग्राफ तथा विद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ परिषद की वेबसाइट पर विद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कराया जाना है। इस कार्य हेतु सम्प्रति परिषद की वेबसाइट क्रियाशील कर दी गई है। अस्तु अपने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को तत्काल निर्देशित करें कि वे अविलम्ब वांछित सूचनाएं एवं विद्यालय का फोटोग्राफ परिषद के पोर्टल पर दिनांक–25 मई 2022 तक अपलोड कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

भवदीय

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठाकन संख्याः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 172(1-5) दिनांकः 21 मई,2022

उक्त पत्र की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।
4– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
5– समस्त अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ / बरेली / वाराणसी / प्रयागराज तथा गोरखपुर।

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।